नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्प्लाईज संघ

NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No :139 /NCRES/20 Date : 14.7.2020

श्रीमान महाप्रबन्धक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः– विद्युत विभाग में ग्रुप ''बी'' गजटेड के रिक्त पदो को भरा जाना।

महोदय,

अवगत कराना है कि विभिन्न विभागो में कार्यरत JE's एवं SSE's के लिये ग्रुप ''बी'' गैजेटेड कैडर में जाना ही एक मात्र मुख्य प्रमोशन चैनल है। रेलवे में JE's एवं SSE's की संख्या के सापेक्ष ग्रुप ''बी'' गैजेटेड कैडर में बेहद कम पद होने के कारण रेलवे बोर्ड ने समय–समय पर विभिन्न दिशा–निर्देश जारी किये है ताकि निश्चित अन्तराल पर ऐसी परीक्षायें हर विभाग में आयोजित की जाय परन्तु खेद का विषय है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में ऐसा नही किया जा रहा है।

सन् 2013 के बाद से विभिन्न विभागों के ग्रुप ''बी'' गैजेटेड के रिक्त पदो को न भरे जाने का मुद्दा जब NCRES ने PNM बैठक में उठाया तो विद्युत विभाग में ग्रुप ''बी'' गैजेटेड के 5+2=7 रिक्त पद को भरने के लिये प्रधान कार्यालय द्वारा जून–2019 में नोटिफिकेशन जारी हुआ लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक लिखित परीक्षा नही हो पायी जबकि वर्तमान में विद्युत विभाग में ग्रुप ''बी'' गैजेटेड की इस समय 10–12 रिक्तियां हैं, इसी कारण कर्मचारियों में बहुत असंतोष है।

अतः NCRES का अनुरोध है कि विद्युत विभाग में ग्रुप ''बी'' गैजेटेड की रिक्तियों में वर्तमान रिक्तियों को सम्मलित कर जल्द से जल्द परीक्षा करायी जाय ताकि विद्युत विभाग के JE/SSE's को प्रमोशन का लाभ मिल सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपिः– प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज